www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 09/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Arithmetic**

**Q.1** यदि k का 40%, 15 के 2400% से 10 कम है, तो k का मान क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 915
- ✓ 2. 875
- ✗ 3. 835
- ✗ 4. 855

**Q.2** 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश करने पर, एक राशि 2 वर्ष बाद ₹5040 हो जाती है। समान राशि पर समान ब्याज दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 1680
- ✗ 2. 3360
- ✓ 3. 840
- ✗ 4. 420

**Q.3** हल कीजिए: 41 - [21 - {11 - (15 - 8 ÷ 2 × 3)}]

**Ans**
- ✗ 1. 25
- ✓ 2. 28
- ✗ 3. 30
- ✗ 4. 23

**Q.4** यदि 27 : y :: y : 75 है, तो y का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 40
- ✗ 2. 53
- ✓ 3. 45
- ✗ 4. 49

**Q.5** एक वस्तु को ₹115 में बेचने पर एक व्यक्ति को 45% की हानि होती है। 32% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे इस वस्तु को किस मूल्य पर (₹ में) बेचना चाहिए?

**Ans**
- ✗ 1. 266
- ✓ 2. 276
- ✗ 3. 286
- ✗ 4. 296

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.6** 8,000 $cm^3$ आयतन वाले दो ठोस घन सटाकर रखे हुए हैं। इस प्रकार बनने वाले घनाभ को चारों ओर से ₹25 प्रति 100 $cm^2$ की दर से रंगने की लागत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. ₹1,100
2. ₹1,000 ✔
3. ₹1,140
4. ₹1,060

**Q.7** $\frac{3.6 \times 0.48 \times 2.50}{0.12 \times 0.09 \times 0.5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 400
2. 800 ✔
3. 200
4. 600

**Q.8** दो मित्रों महेश और डेविड की मासिक आय क्रमशः 5:7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹75000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 2:3 है, तो महेश की मासिक आय (₹ में) ज्ञात करें।

**Ans**
1. 374000
2. 375000 ✔
3. 376000
4. 525000

**Q.9** यदि आप अपने मित्र को 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए ₹4,000 देते हैं तो 2 वर्ष बाद आपका मित्र कितनी धनराशि (₹ में) लौटाएगा?

**Ans**
1. 44,410
2. 441
3. 8,820
4. 4,410 ✔

**Q.10** वह सबसे छोटी संख्या कौन-सी है जिसमें से 9 घटाए जाने पर वह 24, 33, 42 और 56 से विभाज्य हो जाती है?

**Ans**
1. 1,758
2. 1,857 ✔
3. 1,875
4. 1,785

**Q.11** नितिन किसी कार्य को 7 घंटे में कर सकता है। प्रवीण उस कार्य को 42 घंटे में कर सकता है। ऋषि की सहायता से उन्होंने 3 घंटे में कार्य पूरा कर लिया। ऋषि अकेले उस कार्य को कितने घंटे में कर सकता है?

**Ans**
1. 6 ✔
2. 8
3. 7
4. 5

**Q.12** पिंकी 900 मिनट में एक डिज़ाइनर पॉट बना सकती है जबकि स्नेहा उसी कार्य को 20 घंटे में कर सकती है। यदि वे साथ मिलकर कार्य करें तो क्राफ्ट का कार्य कितने समय में पूरा हो सकता है?

**Ans**
1. ठीक 8 घंटे
2. ठीक 9 घंटे
3. 8 घंटे से 9 घंटे के बीच ✔
4. 9 घंटे से अधिक

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.13 346024 को एक निश्चित संख्या से विभाजित करने पर भागफल 2435 और शेषफल 254 प्राप्त होता है। भाजक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 142 ✔
2. 152
3. 132
4. 122

Q.14 प्रथम 121 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 122.5
2. 123
3. 122 ✔
4. 121.5

Q.15 ₹71 प्रति kg वाली चीनी को ₹22 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹41.6 प्रति kg पर बेचने पर 30% का लाभ हो?

Ans
1. 10 : 39 ✔
2. 12 : 37
3. 11 : 37
4. 12 : 41

Q.16 व्यंजक $(0.3)^3 + (0.6)^3 + (0.7)^3 - (3 \times 0.2 \times 0.4 \times 0.6)$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 0.333
2. 0
3. 0.490
4. 0.442 ✔

Q.17 हिमानी और पुष्पराज की आयु का अनुपात क्रमशः 9 : 5 है। 5 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 7 : 4 हो जाता है। उनकी वर्तमान आयु में कितना अंतर है?

Ans
1. 68
2. 48
3. 60 ✔
4. 47

Q.18 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$$\sqrt{144} + \sqrt{0.0361} - \sqrt{5.29} =$$

Ans
1. 6.82
2. 15.51
3. 6.96
4. 9.89 ✔

Q.19 एक रेफ्रिजरेटर का अंकित मूल्य ₹18,000 है। एक स्टोर अंकित मूल्य पर 30% की छूट देता है। यदि कोई ग्राहक छूट के बाद अतिरिक्त ₹1,000 की छूट के लिए वाउचर का उपयोग करता है, तो रेफ्रिजरेटर का अंतिम मूल्य क्या होगा?

Ans
1. ₹14,000
2. ₹11,600 ✔
3. ₹12,600
4. ₹13,000

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.20 8 संख्याओं का योगफल 720 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 88
2. 91
3. 90 ✔
4. 89

Q.21 एक उबर बाइक 23 घंटे में 644 km की दूरी तय करती है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24
2. 37
3. 29
4. 28 ✔

Q.22 एक 320 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 9.4 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 24 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 36.3
2. 38.6 ✔
3. 43.9
4. 34.4

Q.23 एक विक्रेता द्वारा क्रमशः ₹80 प्रति kg और ₹120 प्रति kg की कीमत वाली चाय के दो प्रकारों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए ताकि प्राप्त मिश्रण की कीमत ₹100 प्रति kg हो?

Ans
1. 1 : 1 ✔
2. 1 : 2
3. 3 : 5
4. 2 : 1

Q.24 रामू का खेत, समलंबाभ आकृति का है। यदि इसकी समांतर भुजाओं की लंबाई 534 मीटर और 712 मीटर है तथा समांतर भुजाओं के बीच की दूरी 310 मीटर है, तो रामू के खेत का क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1,30,193
2. 1,91,330
3. 1,03,139
4. 1,93,130 ✔

Q.25 दो प्राकृत संख्याओं का म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 12 और 72 है। यदि उनमें से एक संख्या 24 है, तो दोनों संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 30 ✔
2. 36
3. 12
4. 60

Q.26 एक लड़की 10 km/hr की चाल से स्कूल जाती है। वह 15 km/hr की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3 km/h
2. 16 km/h
3. 14 km/h
4. 12 km/h ✔

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.27** 10 cm व्यास और 28 m लंबाई वाले किसी तार का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

$\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ लीजिए}\right)$

**Ans**
✔ 1. 220000
✗ 2. 220100
✗ 3. 221000
✗ 4. 220500

**Q.28** 126 km की दूरी तय करने में अनिरुद्ध को बुरहान से 5 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अनिरुद्ध अपनी चाल दोगुनी कर देता है, तो उसे बुरहान से 4 घंटे कम लगेंगे। अनिरुद्ध की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. 7 km/h
✗ 2. 2 km/h
✗ 3. 15 km/h
✗ 4. 5 km/h

**Q.29** $\left(\frac{1}{4}\right)^{-4} + \left(\frac{1}{8}\right)^{-4} + \left(\frac{1}{5}\right)^{-4}$ . का मान ज्ञात करें।

**Ans**
✗ 1. 4987
✔ 2. 4977
✗ 3. 4974
✗ 4. 4973

**Q.30** जब किसी वस्तु को ₹3,510 में बेचा जाता है, तो क्रय मूल्य पर 17% का लाभ प्राप्त होता है। क्रय मूल्य _____ है।

**Ans**
✗ 1. ₹1,500
✔ 2. ₹3,000
✗ 3. ₹2,914
✗ 4. ₹596

**Q.31** एक मोबाइल फ़ोन का अंकित मूल्य ₹18,500 था। एक व्यक्ति ने दो क्रमिक छूट प्राप्त करने के बाद उसी फ़ोन को ₹13,000 में खरीदा, जिसमें पहली छूट 24% थी। दूसरी छूट की दर (दशमलव के दो स्थानों तक सही) कितनी थी?

**Ans**
✗ 1. 9.25%
✗ 2. 8.36%
✗ 3. 6.25%
✔ 4. 7.54%

**Q.32** एक वस्तु की कीमत में x% की वृद्धि की गई। बाद में नई कीमत में x% की कमी की गई। यदि नवीनतम कीमत ₹1 थी, तो वस्तु की मूल कीमत कितनी थी?

**Ans**
✔ 1. ₹ $\frac{10000}{(100-x)(100+x)}$
✗ 2. ₹ $\frac{\sqrt{(1-x)}}{10}$
✗ 3. ₹ $\frac{(1-x)}{100}$
✗ 4. ₹100

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.33 पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 78 है और तीसरी संख्या 127 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 186
✘ 2. 187
✘ 3. 206
✘ 4. 205

Q.34 2 पुरुष किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं जबकि 6 महिलाएं उसी कार्य को 6 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 3 महिलाएं और 6 पुरुष इसे कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
✘ 1. 1 दिन
✘ 2. 8 दिन
✘ 3. 6 दिन
✔ 4. 4 दिन

Q.35 राधिका ने 18 महीने के लिए किसी धनराशि को अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 40% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश किया। यदि 18 महीने के अंत में राधिका को प्राप्त मिश्रधन ₹51,840 है, तो राधिका द्वारा निवेश की गई धनराशि (₹ में) कितनी थी?

Ans
✘ 1. 30,500
✘ 2. 29,000
✘ 3. 29,500
✔ 4. 30,000

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 यदि संख्या 9362145 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✘ 1. 12
✘ 2. 8
✘ 3. 10
✔ 4. 7

Q.37 आयुष बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 8 किमी km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, वह फिर दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर से वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 3 km दक्षिण की ओर
✘ 2. 2 km दक्षिण की ओर
✘ 3. 3 km उत्तर की ओर
✔ 4. 2 km उत्तर की ओर

Q.38 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


77 93 113 139 173 ?

Ans
✔ 1. 217
✘ 2. 237
✘ 3. 209
✘ 4. 229


www.prepp.in


Your Personal Exams Guide


Q.39 दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखे जाने पर दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.40 एक निश्चित कूट भाषा में,
A * B का अर्थ है, 'A, B की पत्नी है'
A > B का अर्थ है, 'A, B का भाई है'
A ; B का अर्थ है, 'A, B का पिता है'
A - B का अर्थ है, 'A, B की बहन है'

यदि 'R ; O - H > I * T' है, तो उपर्युक्त के आधार पर R का T से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी की माता
2. पत्नी की पुत्री
3. पत्नी की बहन
4. पत्नी का पिता

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.41 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन सा पद प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

KLR 1 MKT −6 OJV −15 QIX −26 ?

Ans
1. SUZ −37
2. SHA −37
3. SIY −39
4. SHZ −39 ✓

Q.42 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूहों में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GBF
2. KFI ✓
3. NIM
4. FAE

Q.43 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 12 25 41 65 92 ?

Ans
1. 142
2. 122
3. 172
4. 127 ✓

Q.44 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) @ * $ 3 8 9 % + 7 > 6 # < % % ? 6 2 $ / 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
1. तीन
2. चार
3. दो ✓
4. एक

Q.45 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक-समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GLQ
2. LOV ✓
3. INS
4. NSX

Q.46 निम्नलिखित चार संख्या युग्मों में से तीन संख्या युग्मों में संख्याएं एक ही तरह से संबंधित हैं और इस प्रकार एक समूह बनाती हैं। कौन-सा संख्या युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लें - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
1. 8 : 512
2. 4 : 64
3. 6 : 212 ✓
4. 10 :1000

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.47 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WCIM' को '5-25-19-15' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'PSBQ' को '12-9-26-11' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'ELZT' के लिए कूट क्या है?

Ans
✔ 1. 23-16-2-8
✘ 2. 22-15-1-7
✘ 3. 24-18-4-9
✘ 4. 21-14-3-6

Q.48 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता हो। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KPY : LQZ
WHR : XIS

Ans
✘ 1. GKD : IMF
✘ 2. SWB : TYD
✘ 3. GMT : FLS
✔ 4. ATO : BUP

Q.49 सात सहकर्मी B, C, E, F, I, J और M एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, B के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है और B, F के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। F और J के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I और F का निकटतम पड़ोसी E है। M के निकटतम पड़ोसी कौन हैं?

Ans
✘ 1. B और E
✔ 2. C और B
✘ 3. C और J
✘ 4. C और E

Q.50 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)।

(बाएं) 1 9 9 2 7 6 3 3 8 2 9 4 8 4 1 8 5 2 5 6 2 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. चार
✔ 3. एक
✘ 4. तीन

Q.51 यदि संख्या 3842675 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✘ 1. तीन
✘ 2. एक
✔ 3. दो
✘ 4. एक भी नहीं

Q.52 यदि संख्या 2846359 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में नई संख्या में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. चार
✔ 3. तीन
✘ 4. एक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.53 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।
LSF2, JPJ9, HMN18, FJR29, ?

Ans
1. DGV42
2. EHW40
3. EGU40
4. DHW42

Q.54 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। D पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। B के दाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और B का निकटतम पड़ोसी A है। F, E के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। C के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. चार
3. पाँच
4. दो

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

23, 34, 56, 89, 133, ?

Ans
1. 186
2. 184
3. 188
4. 182

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'Q + R × S ÷ T × P' है तो R का P से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी की माता
2. माता
3. पिता की माता
4. माता की माता

Q.57 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल-मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के दाईं ओर से गिनने पर U और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U और V के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S और V के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S के बाईं ओर से गिनने पर U और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 1
2. 4
3. 2
4. 3

Q.58 उस त्रिक का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NT-PV-RU
LR-NT-PS

Ans
1. IP-LS-NO
2. JP-LR-NQ
3. IP-LR-NO
4. JP-LR-NO

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, GLRQ एक निश्चित तरीके से CHNM से संबंधित है। उसी प्रकार JPTX, FLPT से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, WMKG दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. VLJF
2. SIGC
3. KGWM
4. UKIE

Q.60 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी मग, बर्तन हैं।
सभी कंटेनर, बर्तन हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मग, कंटेनर हैं।
(II) कुछ बर्तन, कंटेनर हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.61 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ट्रंक, मूंगफली हैं।
कुछ अनाज, ट्रंक हैं।
कोई कौवे, ट्रंक नहीं हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ अनाज, कौवे नहीं हैं।
(II) कुछ मूंगफली, अनाज नहीं हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.62 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ बैट, जूते हैं।
सभी जूते, दस्ताने हैं।
कुछ दस्ताने, हेलमेट हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी हेलमेट, जूते हैं।
(II) सभी दस्ताने, बैट हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.63 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएं) 5 3 1 4 8 7 5 8 4 1 2 7 6 4 7 2 3 5 9 2 5 4 1 9 7 3 6 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद में एक विषम अंक है?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. तीन से अधिक
✗ 3. एक
✓ 4. तीन

Q.64 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'let us play' को 'ke ro gi' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'let me go' को 'ma lu ke' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'play with me' को 'ho gi lu' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'go' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ 1. gi
✗ 2. ke
✗ 3. ma
✓ 4. lu

Q.65 E, M, P, L, O, Y और S में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। L के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। O और L के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। M की परीक्षा, P की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन होती है। Y की परीक्षा, S की परीक्षा के बाद किसी एक दिन होती है। E की परीक्षा, P की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन होती है। Y और E के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
✗ 1. एक
✗ 2. एक की भी नहीं
✓ 3. तीन
✗ 4. दो


Q.66 एलेक्स बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए और पूर्व की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है फिर बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 2 km दक्षिण की ओर
✗ 2. 3 km दक्षिण की ओर
✓ 3. 2 km उत्तर की ओर
✗ 4. 3 km उत्तर की ओर

Q.67 सात बॉक्स D, E, F, H, I, J और K एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। E और J के बीच में केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। K के ऊपर केवल I को रखा गया है। J के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। D को H के नीचे किसी एक स्थान पर, लेकिन F के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। कौन-सा बॉक्स F के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?


Ans
✗ 1. D
✗ 2. F
✗ 3. E
✓ 4. H

Q.68 विकल्पों में दी गई उस आकृति को पहचानिए, जिसे '?' के स्थान पर रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूरी हो जाएगी।





Ans


✗ 1.





✗ 2.




✓ 3.




✗ 4.




Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

BGLQ HMRW NSXC TYDI ?

Ans

✗ 1. ZOJE

✓ 2. ZEJO

✗ 3. ZOEJ

✗ 4. ZEOJ

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में, 'widely spread disease' को 'kt nv bp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'pandemic disease outbreak' को 'th po nv' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'disease' का कूट क्या है?

Ans

✗ 1. kt

✓ 2. nv

✗ 3. th

✗ 4. bp

Section : **General Awareness**

prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सी एस्ट्रोजन व्युत्पन्न से संश्लेषित एक गर्भनिरोधी (antifertility) औषध है जिसका उपयोग प्रोजेस्टेरोन व्युत्पन्न के साथ संयोजन में किया जाता है?

Ans
1. क्लोरोजाइलिनॉल (Chloroxylenol)
2. नोवेस्ट्रोल (Novestrol)
3. सोफ्रामाइसिन (Soframicine)
4. टर्पिनिऑल (Terpineol)

Q.72 बॉम्बे रेडियो क्लब (Radio Club of Bombay) द्वारा भारत में रेडियो प्रसारण किस वर्ष शुरू किया गया था?

Ans
1. 1929
2. 1947
3. 1923
4. 1952

Q.73 ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के तहत, 1850 के दशक तक भारत से अधिकांशतः किन वस्तुओं का निर्यात होता था?

Ans
1. कच्चा माल जैसे अप्रसंस्कृत कपास, अफीम और नील
2. प्रसंस्कृत माल जैसे प्रसंस्कृत कपास और रेशम
3. मसाले और चाय
4. निर्मित माल

Q.74 भारत और ________ के बीच 2024 में सैन्य अभ्यास शक्ति आयोजित किया गया था।

Ans
1. फ्रांस
2. जर्मनी
3. कजाकिस्तान
4. जापान

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा शहर भारत की इलेक्ट्रॉनिक राजधानी के रूप में उभरा है?

Ans
1. बेंगलुरु
2. गुरुग्राम
3. गोवा
4. तिरुचिरापल्ली

Q.76 भारतीय संविधान के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के संबंध में, ग्राम पंचायत का संगठन एक ____________ है।

Ans
1. समाजवादी सिद्धांत
2. बौद्धिक सिद्धांत
3. गांधीवादी सिद्धांत
4. नव-उदारवादी सिद्धांत

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत में अंग्रेजों द्वारा लागू की गई भू-राजस्व प्रणालियों और कृषि पर उनके प्रभाव का सटीक वर्णन करता है?

Ans
1. जमींदारी प्रथा, जो अधिकांश भूमि पर लागू थी, किसानों को अपनी खेती में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती थी।
2. महालवाड़ी प्रथा में भूमि पर व्यक्तिगत किसानों का स्वामित्व होता था, जिन्हें भूमि प्रबंधन की स्वायत्तता होती थी।
3. रैयतवाड़ी और महालवारी प्रथाओं के अंतर्गत क्रमशः 4% और 38% भूमि कवर थी, और इन प्रथाओं ने भूमि की उर्वरता में सुधार भी किए।
4. जमींदारी प्रथा का मुख्य उद्देश्य जमींदारों द्वारा अधिक राजस्व संग्रह करना था, जिससे किसानों के पास कृषि में पुनः निवेश करने के लिए बहुत कम धन बचता था।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.78 प्राचीन व्याकरण पुस्तक, तोलकाप्पियम (Tolkappiyam) किस शास्त्रीय भाषा में लिखी गई थी।

Ans
1. उड़िया
2. तमिल
3. प्राकृत
4. संस्कृत

Q.79 कौन-सी नदी अरब सागर में गिरने से पहले एक मुहाने (estuary) का निर्माण करती है?

Ans
1. महानदी
2. नर्मदा
3. गोदावरी
4. गंगा

Q.80 नवजात शिशुओं को जन्म के समय BCG का टीका लगाया जाता है। BCG का पूर्णरूप, ______________ है।

Ans
1. Basal Cell Carcinoma (बेसल सेल कार्सिनोमा)
2. Bacterial Capsular Genes (बैक्टीरियल कैप्सुलर जीन्स)
3. Bacillus Calmette-Guerin (बैसिलस कैलमेट-गुएरिन)
4. Bladder Cancer Gene (ब्लैडर कैंसर जीन)

Q.81 2024 में चलाई गई कौन-सी अवसंरचना परियोजना का उद्देश्य, भारत के राजमार्ग और लॉजिस्टिक क्षेत्र में सुधार करना था?

Ans
1. स्वच्छ भारत मिशन
2. स्मार्ट सिटी मिशन
3. भारतमाला परियोजना
4. प्रधानमंत्री आवास योजना

Q.82 राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के संदर्भ में, NGT के अधिकार क्षेत्र और उच्च न्यायालयों की भूमिका के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
1. प्रादेशिक अधिकारक्षेत्र के मामले में NGT, उच्च न्यायालयों के अधीनस्थ है।
2. NGT के निर्णयों के विरुद्ध केवल सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है, तथा उच्च न्यायालयों में अपील पूरी तरह से रोक दी जाती है।
3. NGT के निर्णय न्यायिक समीक्षा के अधीन नहीं हैं।
4. NGT के पास विशेष अधिकार क्षेत्र है और उच्च न्यायालय पर्यावरण से संबंधित मामलों की सुनवाई नहीं कर सकते।

Q.83 1857 के विद्रोह के बाद निम्नलिखित में से कौन-सा एक महत्त्वपूर्ण बदलाव देखा गया?

Ans
1. भारतीयों ने ब्रिटिश साम्राज्य के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित किए।
2. भारतीयों ने स्वयं को स्वतंत्र करने का विचार त्याग दिया था।
3. भारतीयों ने संघों, संस्थाओं और संगठनों का निर्माण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन हुआ था।
4. भारतीयों ने एक और सशस्त्र विद्रोह के लिए खुद को पुनर्गठित करना आरंभ कर दिया था।

Q.84 स्थिर वेग-समय वक्र के अंतर्गत क्षेत्रफल किसी निश्चित समय अंतराल में वस्तु के __________ के बराबर होता है।

Ans
1. अंतिम वेग
2. विस्थापन
3. संवेग
4. त्वरण

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.85 देवी पार्वती को प्रसन्न करने के लिए महिलाओं द्वारा गणगौर (Gangaur) त्योहार निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

Ans
- ✗ 1. झारखंड
- ✗ 2. उत्तराखंड
- ✓ 3. राजस्थान
- ✗ 4. गुजरात

Q.86 पुरुष हॉकी टीम को 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर हॉकी इंडिया (Hockey India) से प्रत्येक खिलाड़ी को कितनी धनराशि का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ?

Ans
- ✗ 1. ₹5 लाख
- ✓ 2. ₹15 लाख
- ✗ 3. ₹20 लाख
- ✗ 4. ₹7.5 लाख

Q.87 1928 में _______ के विरुद्ध शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान लाला लाजपत राय पर ब्रिटिश पुलिस ने हमला किया था।

Ans
- ✗ 1. हिंदू जातिवाद
- ✗ 2. ब्रिटिश नमक एकाधिकार
- ✓ 3. साइमन कमीशन
- ✗ 4. अकाल के दौरान अन्यायपूर्ण कर

Q.88 जुलाई 2024 में, महामारी तैयारी नवाचार गठबंधन (CEPI) के तहत एशिया की पहली स्वास्थ्य अनुसंधान-संबंधी 'प्री-क्लिनिकल नेटवर्क फ़ैसिलिटी (Pre-clinical Network Facility)' का उद्घाटन किस शहर में किया गया?

Ans
- ✗ 1. पुणे
- ✓ 2. फरीदाबाद
- ✗ 3. बेंगलुरु
- ✗ 4. पटियाला

Q.89 जून 2024 में, किस देश में सरकार विरोधी और लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला देखी गई, जिसे कोटा सुधार आंदोलन (quota reform movement) के रूप में जाना जाता है?

Ans
- ✓ 1. बांग्लादेश
- ✗ 2. नेपाल
- ✗ 3. पाकिस्तान
- ✗ 4. श्रीलंका

Q.90 सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल से एक बर्तन पर बनी डिजाइन मिली है जो एक ऐसे प्यासे कौए की कथा का वर्णन करती है, जो बर्तन के तल में एकत्र जल पीने के लिए एक चतुराईयुक्त तरीका अपनाता है?

Ans
- ✗ 1. राखीगढ़ी
- ✓ 2. लोथल
- ✗ 3. मोहजोदड़ो
- ✗ 4. हड़प्पा

Q.91 2023-24 में, कौन-सा देश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था?

Ans
- ✗ 1. जर्मनी
- ✓ 2. चीन
- ✗ 3. जापान
- ✗ 4. यूएसए

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.92 मई माह में भारत के स्वर्ण भंडार के संबंध में अधिकारियों ने कौन-सा प्रमुख अभियान चलाया?

Ans
✗ 1. लंदन बुलियन बाजार में स्वर्ण भंडार बेचना
✗ 2. घरेलू स्तर पर स्वर्ण जमा योजनाओं में वृद्धि
✓ 3. बैंक ऑफ इंग्लैंड से स्वर्ण भंडार वापस लाना
✗ 4. अंतर्राष्ट्रीय निपटान के लिए बैंक को स्वर्ण अंतरित करना

Q.93 अप्रैल 2024 में, रोग प्रगति में महत्वपूर्ण प्रोटीन, साइटोकाइन्स (Cytokines) का शीघ्रता से पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) के शोधकर्ताओं ने एक नैनो-सेंसर विकसित किया है?

Ans
✗ 1. आईआईटी हैदराबाद
✗ 2. आईआईटी मद्रास
✓ 3. आईआईटी जोधपुर
✗ 4. आईआईटी खड़गपुर

Q.94 हड़प्पा की धार्मिक प्रथाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

I. हड़प्पावासी प्रजनन क्षमता से जुड़ी देवियों की पूजा करते थे।
II. हड़प्पावासी पशुपति जैसे देवताओं की भी पूजा करते थे।

Ans
✗ 1. केवल II
✓ 2. I और II दोनों
✗ 3. न तो I और न ही II
✗ 4. केवल I

Q.95 सरदार सरोवर बांध निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में बनाया गया है?

Ans
✗ 1. कर्नाटक
✗ 2. असम
✗ 3. राजस्थान
✓ 4. गुजरात

Q.96 जनरल सर्विस एनलिस्टमेंट एक्ट (General Service Enlistment Act), निम्नलिखित में से किस वर्ष पारित किया गया था?

Ans
✓ 1. 1856 ई.
✗ 2. 1854 ई.
✗ 3. 1857 ई.
✗ 4. 1852 ई.

Q.97 'सुत्त पिटक' (Sutta Pitak) पुस्तक में किस धार्मिक उपदेशक के प्रवचन हैं?

Ans
✗ 1. सूरदास
✓ 2. बुद्ध
✗ 3. गुरु नानक देव
✗ 4. महावीर

Q.98 भारतीय रिजर्व के उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के जुलाई 2024 दौर में निम्नलिखित में से कौन-सा शहर शामिल नहीं था?

Ans
✓ 1. कोच्चि
✗ 2. लखनऊ
✗ 3. रांची
✗ 4. मुंबई

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.99 अवध के अलावा, ____________ क्षेत्र अंग्रेजों द्वारा विभिन्न कपटपूर्ण तरीकों से हड़प लिए गए थे।

Ans
✔ 1. झांसी और सतारा
✗ 2. असम और नागालैंड
✗ 3. बंगाल और पंजाब
✗ 4. मैसूर और हैदराबाद

Q.100 सामान्य ताप (room temperature) पर रखे एक कॉपर सिलेंडर पर विचार कीजिए। कॉपर सिलेंडर का ताप बढ़ने पर उसकी प्रतिरोधकता पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
✔ 1. बढ़ता है
✗ 2. पहले घटता है फिर बढ़ता है
✗ 3. स्थिर रहता है
✗ 4. घटता है

Q.101 स्पावो (Spawo)________ का लोक नृत्य है।

Ans
✗ 1. पुडुचेरी
✗ 2. महाराष्ट्र
✗ 3. असम
✔ 4. लद्दाख

Q.102 निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा गवर्नर जनरल का पदनाम बदलकर वायसराय कर दिया गया था?

Ans
✗ 1. भारत विनियमन अधिनियम, 1773
✗ 2. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
✔ 3. भारत सरकार अधिनियम, 1858
✗ 4. भारत सरकार अधिनियम, 1833

Q.103 संविधान संशोधन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✔ 1. अधिनियम बनने के लिए इसे संसद के दोनों सदनों में पारित किया जाना अनिवार्य है।
✗ 2. अधिनियम बनने के लिए इसे संसद के किसी भी सदन में पारित किया जाना अनिवार्य है।
✗ 3. अधिनियम बनने के लिए इसे केवल लोकसभा में पारित किया जाना अनिवार्य है।
✗ 4. अधिनियम बनने के लिए इसे केवल राज्यसभा में पारित किया जाना अनिवार्य है।

Q.104 2001 में, जवाहर ग्राम समृद्धि योजना और रोजगार आश्वासन योजना का विलय कर _________ नामक एक नई योजना शुरू की गई।

Ans
✗ 1. स्वर्ण जयंती स्वराज योजना
✔ 2. सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना
✗ 3. DWACRA
✗ 4. MNREGA

Q.105 सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, भारतमाला परियोजना के फेज-I के तहत कितने किलोमीटर लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास की योजना बनाई गई थी?

Ans
✗ 1. 30,200 km
✗ 2. 28,500 km
✔ 3. 34,800 km
✗ 4. 36,500 km

Q.106 राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का गठन किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 338 B
✔ 2. अनुच्छेद 338
✗ 3. अनुच्छेद 348 A
✗ 4. अनुच्छेद 349

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.107 अक्टूबर 2024 में, सुरिंदर सिंह चौधरी को किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश (UT) का उप मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया?

Ans
✔ 1. जम्मू और कश्मीर
✘ 2. लक्षद्वीप
✘ 3. दिल्ली
✘ 4. हरियाणा

Q.108 यूकेरियोटिक कोशिकाओं के केंद्रक के भीतर, निम्नलिखित में से किस संरचना में कसकर लिपटे हुए (tightly coiled) आनुवंशिक पदार्थ होते हैं?

Ans
✘ 1. माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria)
✘ 2. गॉल्जी उपकरण (Golgi Apparatus)
✘ 3. राइबोसोम (Ribosomes)
✔ 4. क्रोमोसोम (Chromosomes)

Q.109 2022 तक भारत में कितने राज्यों में द्विसदनीय विधायिका है?

Ans
✔ 1. 6
✘ 2. 5
✘ 3. 10
✘ 4. 14

Q.110 अगस्त 2024 में, पैरालिंपिक्स में दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली पहली भारतीय महिला अवनि लेखरा निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं?

Ans
✘ 1. पैरा कैनोइंग (Para canoeing)
✘ 2. पैरा भारोत्तोलन (Para powerlifting)
✘ 3. पैरा तैराकी (Para swimming)
✔ 4. पैरा निशानेबाज़ी (Para shooting)

Q.111 4 फरवरी 1922 को, निम्नलिखित में से किसके बारे में सुनकर महात्मा गांधी ने पांच दिवसीय उपवास किया था और असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया था?

Ans
✘ 1. जलियांवाला बाग जनसंहार
✔ 2. चौरी चौरा कांड
✘ 3. काकोरी षड्यंत्र
✘ 4. नोआखाली दंगे

Q.112 गंगा नदी की सबसे लंबी सहायक नदी कौन-सी है?

Ans
✔ 1. यमुना
✘ 2. कोसी
✘ 3. घाघरा
✘ 4. गंडक

Q.113 मनाली से लेह पहुँचने के लिए किस दर्रे का उपयोग किया जाता है?

Ans
✘ 1. ज़ोजी ला (Zoji La)
✘ 2. नाथू ला (Nathu La)
✘ 3. काराकोरम दर्रा (Karakoram Pass)
✔ 4. बारालाचा ला (Baralacha La)

Q.114 निम्नलिखित में से कौन-सी हिमालय की क्रमशः सबसे उत्तरी और सबसे दक्षिणी श्रेणियाँ हैं?

Ans
✘ 1. शिवालिक और महान हिमालय
✔ 2. महान हिमालय और शिवालिक
✘ 3. मध्य हिमालय और शिवालिक
✘ 4. हिमाद्रि हिमालय और मध्य हिमालय

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.115 अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण, जिन्हें जून 2024 में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था, किस राजनीतिक दल से संबंधित हैं?

Ans
✔ 1. जन सेना पार्टी
✘ 2. वाईएसआर कांग्रेस पार्टी
✘ 3. तेलुगु देशम पार्टी
✘ 4. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (M)

Q.116 भारत में जून 2024 में निम्नलिखित में से किस कारक ने मुख्य रूप से अशोधित मुद्रास्फीति (headline inflation) दर वृद्धि में योगदान दिया?

Ans
✘ 1. विनिर्माण लागत में वृद्धि
✔ 2. सब्जियों, दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में तीव्र वृद्धि
✘ 3. ईंधन की कीमतों में वृद्धि
✘ 4. सेवा शुल्क में वृद्धि

Q.117 औपनिवेशिक काल के दौरान भारत किस कृषि उत्पाद के निर्यात के लिए प्रसिद्ध था?

Ans
✘ 1. चावल
✘ 2. कॉफी
✘ 3. गेहूँ
✔ 4. मसाले

Q.118 भारत के प्रथम सौर मिशन, आदित्य-L1 ने ______ को सूर्य-पृथ्वी L1 बिंदु के चारों ओर अपनी प्रथम प्रभामंडल कक्षा (halo orbit) पूर्ण की।

Ans
✘ 1. 12 जुलाई 2024
✘ 2. 23 जुलाई 2024
✘ 3. 22 जुलाई 2024
✔ 4. 2 जुलाई 2024

Q.119 निम्नलिखित में से किस विधायी अधिनियम के परिणामस्वरूप भारत में फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (FTSCs) की स्थापना हुई?

Ans
✘ 1. किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015
✘ 2. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012
✔ 3. आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018
✘ 4. भारतीय दंड संहिता (IPC), 1860

Q.120 भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान कौन-सा क्षेत्र सबसे अधिक उपेक्षित था?

Ans
✘ 1. प्राथमिक क्षेत्र
✘ 2. अवसंरचना क्षेत्र
✘ 3. द्वितीयक क्षेत्र
✔ 4. औद्योगिक क्षेत्र